आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट




बर्ष :12 अंक :292 पृष्ठ -4 दिनांक 20 अक्टूबर 2024 दिन रविवार

## वाराणसी दौरे से पहले चर्चा में है PM मोदी का 10 हाथ वाला पोस्टर, बताया युग पुरूष और शिव भक्त

## प्रधानमंत्री मोदी आज बनारस में 6100 करोड़ से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज (20 अक. टूबर) को वाराणसी दौरे पर रहेंगे. इसको लेकर भाजपा पदाधिकारीयों ने उनके स्वागत को लेकर खास तैयारी की है. वहीं वाराणसी की सड़कों पर 10 हाथों वाले पीएम मोदी का बैनर लगाया गया है, इस पोस्टर में हर हाथों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन कल्याणकारी योजनाएं दिखाई गई हैं, इस पोस्टर में लिखा युग पुरुष और शिव भक्त. यह पोस्टर बीजेपी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमन सोनकर ने लगाया है जो काशी में चर्चा का विषय बना हुआ है.वाराणशी बीजेपी युवा मोर्चा के अध्यक्ष अमन सोनकर ने बताया कि पीएम मोदी 20 अक्टूबर को वाराणसी दौरे पर आ रहे हैं. उसी आगमन को लेकर हमारे बनारस जिले के कार्यकर्ता और जनता में एक नई ऊर्जा और उत्सुकता है. उसी उत्सुकता की कड़ी में तमाम जगहों पर पीएम मोदी का 10 हाथ वाला बैनर लगाकर उनकी योजनाओं को और उनकी क्षमताओं को प्रदर्शित किया है. बीजेपी युवा मोर्चा नेता अमन ने बताया कि पीएम मोदी एक युग पुरुष हैं जो कि 400–500 सालों में एक बार जन्म लेते हैं. बता दें कि पीएम मोदी के वाराणसी दौरे के लेकरभाजपा पदाधिकारियों ने उनके स्वागत को लेकर खास तैयारी की है. उनके कार्यक्रम स्थल वाले मार्ग को पूरी तरह से पोस्टर बैनर और झंडों से भर दिया गया है. इसके अलावा कार्यक्रम स्थल की भव्य



रूप में सजावट की गई है. वाराणसी जनपद में प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत से जुड़े 500 से अधिक पोस्टर लगाए गए हैं. वहीं पीएम मोदी का एयरपोर्ट से लेकर कार्यक्रम स्थल तक गाजे बाजे के साथ स्वागत करने की पूरी तैयारी है. उनके कार्यक्रम स्थल तक लोगों को पहुंचने के लिए भाजपा के पदाधिकारीयों ने डोर टू डोर संपर्क कर निमंत्रण पत्र भी बांटा है. वाराणसी दौरे पीएम मोदी काशी सहित पूर्वांचल को 6600 करोड़ रुपये के परियोजनाओं की सौगात देंगे. ढोल–नगाड़े के साथ होगा पीएम मोदी का स्वागत वाराणसी पहुंच रहे पीएम मोदी का प्रमुख तौर पर दो जगह पर कार्यक्रम निर्धारित है जिसमें रिंग रोड स्थित शंकर नेत्रालय, इसके अलावा वाराणसी स्पोर्ट कांप्लेक्स में भी एक बड़ी जनसभा को भी उनके द्वारा संबोधित किया जाएगा. पीएम मोदी एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री मोदी सीधा रिंग रोड स्थित शंकर नेत्रालय पहुंचेंगे, जहां रास्ते में उनके जोरदार स्वागत की तैयारी की गई है. ढोल नगाड़े बजने की तैयारी और सैकड़ों
पोस्टर से रूट पटा दिखाई दे रहा है.
बीजेपी ने चलाया स्वच्छता अभियान
भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय पदाधिकारी ने पीएम मोदी के वाराणसी आगमन को देखते हुए 18, 19 और 20 अक्टूबर को तीन दिवसीय विशेष तौर पर स्वच्छता अभियान जनपद में चलाया है. इसको लेकर जनपद के चौराहे, महापुरुषों की प्रतिमाओं, स्मारक और अलग–अलग धार्मिक स्थलों की सफाई की जा रही है. इस कार्यक्रम में बीजेपी के विधायक, मंत्री और स्थानीय पदाधिकारी शामिल हो रहे हैं.

### कानपुर में नाम बदल कर चला रहा था रेस्टोरेंट, गले में पहना था रूद्राक्ष

योगी सरकार ने सख्त हिदायत दी थी कि अब रेस्टोरेंट और खाने पीने की दुकानों पर मालिक से लेकर कर्मचारियों को अपने नाम और धर्म की पहचान सार्वजनिक करनी पड़ेगी. वहीं कानपुर में कुछ दिन पहले इसी मुहिम के चलते किदवई नगर क्षेत्र में संचालित हो रहे मामा भांजे रेस्टोरेंट पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाए थे. संच. ालक क्षेत्र में हिंदू पहचान से काम कर रहा है जबकि उसका असली धर्म मुस्लिम था. जांच पुख्ता होने के बाद प्रशासन ने रेस्टोरेंट पर बुलडोजर कार. ्वाई की है.बीते 26 सितंबर को कानपुर के गोविंदनगर क्षेत्र में बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने बवाल किया था कि जिस दुकान पर लोग फास्टफूड खाते थे वो किसी हिन्दू का नहीं बल्कि मुस्लिम का था. आरोप था कि यहां मांसाहार का प्रयोग भी किया जाता था जिसके बाद डीएम से इस प्रकरण की शिकायत भी की गई. सैंपल की जांच के लिए टीम ने सैंपल लिया नाम ओर धर्म की भी पड़ताल हुई. जिसमें रवि नाम के शख्स का असली नाम मुबीन ही निकला. वो माथे पर तिलक लगता था, गले में रुद्राक्ष की माला भी पहनता था. जिला प्रशासन ने पहचान छुपाने के आरोप में मामा भांजे रेस्टोरेंट पर बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की है. वहीं नगर निगम के अधिकारियों को जिलाधिकारी ने इस कार्रवाई के निर्देश दिए थे.कार्रवाई पर क्या बोलें अधिकारी? वहीं इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल भी की गई थी. जिसके बाद जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया और जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त ने जिन 3 के जोनल अधिकारी को निर्देश दिया. वहीं इस बाबत जोनल अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि अधिकारियों के निर्देश पर बुलडोजर की कार्रवाई की गई है. इस कार्रवाई में अवैध निर्माण की शिकायत भी की गई थी. दुकान मालिक को भी इस बाबत सख्त हिदायत दी गई है कि न तो अवैध निर्माण करें और बिना अनुमति दुकान को न खोलें.

### बस्ती में नाबालिग को रेप के बाद जिंदा जलाया, 15 दिन बाद अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

उत्तर प्रदेश के बस्ती से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक नाबालिग के साथ रेप के बाद आरोपी ने उसे जलाकर मार डाला. इस मामले में अब पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है. इस घटना के बाद पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े होने लगे हैं.यह पूरा मामला बस्ती जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र का है. यहां गांव के ही दबंग ने 17 साल की नाबालिग के साथ दरिंदगी की. पकड़े जाने के डर से आरोपी ने पीड़िता पर डीजल छिड़क कर जिंदा जलाकर मार डाला. पुलिस ने काफी टाल मटोल के बाद पीड़ित पिता की तहरीर पर मुक. दमा पंजीकृत किया.12 दिन बाद दी तहरीरइस घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया. धुआं और आग देखकर अगल–बगल के लोग मौके पर पहुंचे. परिजनों ने आनन फानन में लड़की को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज में भर्ती कराया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया. जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने पीड़िता के बेहतर इलाज के लिए लखनऊ के श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल रेफर कर दिया. यह घटना 1 अक्टूबर की है, लेकिन इस मामले की तहरीर 12 अक. टूबर को कप्तानगंज थाने में दी गई. 15 दिन तक लगातार जिंदगी और मौत से जूझती नाबालिग पीड़िता आखिरकार जिंदगी की जंग हार गई. लखनऊ के श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में पीड़िता के मौत की जानकारी मिलते ही कप्तानगंज थाने की पुलिस लखनऊ पहुंची. पुलिस ने शव का लखनऊ में पोस्टमार्टम कराने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई. 80 फीसदी जल गई थी पीड़िता कलवारी सर्किल के डीएसपी प्रदीप त्रिपाठी ने बताया कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में 17 साल की किशोरी से 1 अक्टूबर को रेप करने के बाद आरोपी ने हत्या करने की नीयत से उसके ऊपर डीजल छिड़क कर आग लगा दिया था, जिसमें लड़की 80 फीसदी तक जल गई थी. मुकदमा दर्ज कर आरोपी किया गिरफ्तार
कलवारी सर्किल डीएसपी के मुताबिक, घटना के बाद पीड़िता के परिजन लखनऊ में इलाज कराने की वजह से व्यस्त थे. फिलहाल मृतका के पिता ने तहरीर देकर गांव के ही शंकर गौड़ पर मुकदमा दर्ज कराया है. उन्होंने बताया कि इस जघन्य वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी शंकर गौड़ पुलिस से बचने के लिए इधर उधर छिप रहा था. कलवारी सर्किल डीएसपी प्रदीप त्रिपाठी के अनुसार, आरोपी शंकर गौड़ को गिरफ्तार कर लिया गया है. उन्होंने बताया कि कप्तानगंज थाने में दर्ज मुकदमे में सुसंगत धाराओं में बढ़ोतरी की जाएगी.सरकार के दावों पर सवाल
पुलिस की कार्यशैली देखकर उत्तर प्रदेश सरकार के दावों की पोल खुलती दिखाई पड़ रही है. जब सीएम योगीआदित्यनाथ ने दावा किया था कि ष्अगर हमारे प्रदेश के बच्चियों को छेड़ोगे तो अगले चौराहे पर यमराज के रूप में उत्तर प्रदेश पुलिस गोलियों से स्वागत करेगी.इस मौके पर उन्होंने आगे कहा, ष्यूपी की सड़कों पर रात दिन कभी भी बेटियां बेधड़क कही भी आ जा सकती हैं.

### बदरीनाथ-केदारनाथ धाम के लिए मुकेश अंबानी ने खोला खजाना, दर्शन के बाद इतने करोड़ का किया दान



रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक भारत के मशहूर उद्योगपति मुकेश अंबानी ने आज (20 अक्तूबर) को उत्तराखंड के दो प्रमुख तीर्थस्थलों श्री बदरीनाथ धाम और श्री केदारनाथ धाम के दर्शन किए. उनके इस धार्मिक यात्रा के दौरान उन्होंने दोनों धामों के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करते हुए पांच करोड़ रुपये की धनराशि दानस्वरूप दी.मुकेश अंबानी ने अपनी इस धार्मिक यात्रा की शुरुआत श्री बद. रीनाथ धाम से की, वह आज सुबह श्री बदरीनाथ मंदिर पहुंचे, जहां मंदिर के पुजारियों और श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया. श्री बदरीनाथ धाम, जो भगवान विष्णु का निवास माना जाता है, देश के सबसे प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक है. यह धाम उत्तराखंड के चार धाम यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और हर साल लाखों श्रद्धालु यहां आते हैं. मुकेश अंबानी ने विधिवत पूजा–अर्चना की और भगवान बदरीविशाल से देश की समृद्धि, शांति और सुख–समृद्धि की प्रा. र्थना की.श्री केदारनाथ धाम के किए दर्शनबदरीनाथ धाम के दर्शन के बाद, मुकेश अंबानी ने श्री केदारनाथ धाम की यात्रा की. श्री केदारनाथ धाम भगवान शिव का प्रमुख तीर्थस्थल है और उत्तराखंड के चार धामों में से एक है. यह धाम हिमालय की ऊंचाइयों पर स्थित है और धार्मिक आस्था के साथ–साथ प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी प्रसिद्ध है. मुकेश अंबानी ने यहां भी भग. वान शिव की पूजा की और पवित्र धाम की धार्मिक महत्ता को नमन किया.
बीकेटीसी अध्यक्ष ने किया स्वागतश्री केदारनाथ धाम में बदरी–केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने मुकेश अंबानी का स्वागत किया. उन्होंने बताया कि मुकेश अंबानी के आगमन से धाम की महत्ता और बढ़ गई है. अंबानी ने अपने परिवार की ओर से दोनों धामों को पांच करोड़ रुपये की धनराशि दानस्वरूप दी है, जो मंदिरों के विकास और उनकी सुविधाओं को सुधारने के लिए उपयोग की जाएगी. बीकेटीसी अध्यक्ष ने अंबानी के इस उदार योगदान के प्रति कृतज्ञता प्रकट की और इसे दोनों तीर्थस्थलों के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम बताया.
तीर्थयात्रियों के लिए अंबानी का विशेष संदेशमुकेश अंबानी की यह यात्रा उनके गहरे धार्मिक विश्वास और आस्था को प्रकट करती है. इस अवसर पर अंबानी ने कहा कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और धार्मिक आस्था ही देश की असली ताकत है. उन्होंने बताया कि बद. रीनाथ और केदारनाथ जैसे धाम न केवल धार्मिक स्थल हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा के प्रतीक हैं. उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से भी अपील की कि वे इन तीर्थस्थलों की पवित्रता को बनाए रखने में सहयोग दें.मंदिरों की विकास योजनाओं में किया जाएगा खर्च मुकेश अंबानी द्वारा दी गई पांच करोड़ रुपये की धनराशि को मंदिरों की विकास योजनाओं में खर्च किया जाएगा. इसमें धाम के पुनर्निर्माण, तीर्थयात्रियों की सुविधाओं में सुधार, सुरक्षा व्यवस्था और धाम की स्वच्छता बनाए रखने के कार्य शामिल होंगे. दोनों धामों में साल भर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, और यह दान तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद करेगा.मुकेश अंबानी की धामों के प्रति श्रद्धामुकेश अंबानी का यह योगदान दर्शाता है कि बड़े उद्योगपति और समाज के महत्वपूर्ण व्यक्ति भी भारतीय संस्कृति और धार्मिक धरोहर के प्रति गहरा लगाव रखते हैं. इस दान से जहां धामों का विकास होगा, वहीं अंबानी की धार्मिक आस्था का भी उदाहरण स्थापित हुआ है. मुकेश अंबानी की इस धार्मिक यात्रा से उत्तराखंड के तीर्थस्थलों की महत्ता एक बार फिर से राष्ट्रीय चर्चा में आ गई है. उनके द्वारा दी गई दान राशि से धामों के विकास में नई ऊर्जा का संचार होगा.

### दोस्त ने चुराई शराब की बोतल तो उतारा मौत के घाट, कहासुनी के बाद ईट से कुचल डाला चेहरा

मेरठ में शराब ने दोस्त से दोस्त का कत्ल करा दिया, कत्ल भी इतनी बेरहमी से हुआ कि देखने वालों की रूह कांप गई. चेहरा बुरी तरह से ईंट से कुचल दिया गया. दोस्त अपने ही दोस्त पर दुश्मन की तरह टूट पड़ा और जब तक दोस्त की सांसे नहीं थम गई, तब तक उस पर ईंट से वार किए गए. इस हत्याकांड के पीछे की वजह भी बड़ी अजीब है जिसने भी सुना उसी ने पैरों के नीचे से जमीन नील गई.मेरठ में हापुड रोड पर लोहिया नगर थाना इलाके में जीडी कोल्ड स्टोर है. यहां पर नेपाल का रहने वाला किशन नेपाली मजदूरी करता था. यहां उसकी दोस्ती मयंक सैनी से हो गई. दोनों का अच्छा उठना बैठना था और शराब भी साथ ही पीते थे. आरोप लगाया जा रहा है कि मयंक सैनी ने किशन नेपाली की शराब की बोतल चोरी कर ली थी. इस चोरी पर किशन नेपाली ने मयंक सैनी से नाराजगी जताई. कहासुनी हो गई और बात बिगड़ती चली गई, रात के वक्त फिर दोनों में शराब की बोतल को लेकर कहासुनी हो गई जो मारपीट में बदल गई. तभी ईंट से कुचलकर मयंक सैनी ने किशन नेपाली की हत्या कर दी.ईंट से किए इतने वार कि पूरा चेहरा कुचल डाला बताया जा रहा है कि दोनों ने शराब पी रखी थी, तभी कहासुनी होने लगी फिर मयंक सैनी ने ईंट से किशन नेपाली के सिर और चेहरे पर वार करने शुरू कर दिए. एक दो नहीं बल्कि एक के बाद एक कई वार किए गए. ईंट से किशन नेपाली के चेहरे पर इतने वार किए कि नाक और मुंह पूरी तरीके से चकनाचूर नजर आ रहें हैं. मयंक सैनी इतने गुस्से में था कि लहूलुहान होकर गिरने के बावजूद अपने दोस्त किशन नेपाली पर ईंट से वार करना नहीं छोड़ा. आखिरकार किशन नेपाली की सांसे थम गई.पुलिस ने हत्यारोपी मयंक सैनी को किया गिरफ्तार किशन नेपाली की हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई. किशन नेपाली का शव जमीन पर खून से लथपथ पड़ा हुआ था और पास में ही खून से सनी ईंट भी पड़ी हुई थी. पुलिस ने पूछताछ की तो पूरी कहानी से पर्दा उठ गया. वहां काम करने वाले मजदूरों ने बता दिया कि रात मयंक सैनी और किशन नेपाली में कहा. सुनी हुई थी और मयंक ने किशन ने हत्या कर डाली. एसपी सिटी आयुष विक्रम ने बताया कि हत्यारोपी मयंक सैनी को गिरफ्तार कर लिया गया है और किशन नेपाली का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. किशन नेपाली मूल रूप से नेपाल का रहने वाला था और उसके परिजनों को भी सूचना दे दी गई है.

# दिल्ली के रोहिणी इलाके में स्थित सीआरपीएफ स्कूल के बाहर विस्फोट

## दिवाली से पहले दिल्ली को दहलाने की आतंकी साजिश?

रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में रविवार को धमाके की आवाज सुनाई दी। धमाके की आवाज सीआरपीएफ स्कूल की दीवार से सुनाई दी थी। धमाके के बाद धुएं का गुबार भी दिखाई दिया। डीसीपी रोहिणी अमित गोयल ने बताया कि एक्सपर्ट को बुलाया। मौके पर पहुंची एफएसएल टीम ने घटनास्थल से नमूने एकत्र किए हैं।रोहिणी के डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि धमाके के कारणों का पता लगाने के लिए एक्सपर्ट्स को बुलाया गया। यह स्पष्ट नहीं है कि धमाका किस प्रकार का था और इसका स्रोत क्या है। डीसीपी ने कहा कि विशेषज्ञ टीम ही स्थिति की विस्तृत जानकारी दे पाएगी। क्राइम ब्रांच स्पेशल सेल स्पेशल स्टाफ सब मौके पर पहुंचे।वहीं, घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड विभाग को सुबह करीब 7रू50 बजे दी गई, जिसके बाद तुरंत दो दमकल गाड़ियां भेजी गईं। हालांकि, अभी तक दीवार में आग लगने या क्षति की कोई जानकारी नहीं मिली है। टीम लगातार इलाके में सर्चिंग कर रही हैं।दिल्ली पुलिस ने बताया कि सुबह 7:47 बजे एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें कॉलर ने बताया कि सीआरपीएस्कूल सेक्टर–14 रोहिणी के पास बहुत शोर के साथ एक विस्फोटहुआ है। थाना प्रभारीपीवी एवं स्टाफ मौके पर पहुंचे, जहां स्कूल की दीवार क्षतिग्रस्त होने के साथ दुर्गंध आ रही थी। पास की दुकान और दुकान के पास खड़ी कार के शीशे क्षतिग्रस्त पाए गए। कोई घायलनहींहुआ है।एफएसएल की टीम ने नमूने एकत्र किएमौके पर क्राइम टीम, एफएसएल टीम और बम निरोधक दस्ता पहुंचा। धटनास्थल की घेरा. बंदी कर दी गई है। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर है। विस्फोट के कारणों पर गौर किया जा रहा है। स्पेशल सेल के सूत्र के मुताबिक मौके पर स्पेशल सेल की टीम भी मौजूद है। आसपास कई सीसीटीवी के फुटेज को खंगालने में जुटी है। रोहिणी जिला के डीसीपी समेत अन्य अधिकारियों द्वारा ये शख्त निर्देश दिया गया है कि कोई भी सीसीटीवी का कोई भी क्लिप लीक नहीं होना चाहिए। वहीं, एफएसएलटीमने घटनास्थल से नमूने एकत्र किए हैं।हमें लगा कि पास में एक एलपीजी सिलेंडर फट गयाधमाके की आवाज सुनकर इलाके के लोग अपने घरों और दुकानों से बाहर निकल आए। एक स्थानीय निवासी ने कहा, ष्सुबह करीब 7.30 बजे थे जब हमने बहुत तेज आवाज सुनी। हमें लगा कि पास में एक एलपीजी सिलेंडर फट गया है। हमने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को मामले की जानकारी दी। कई दुकानों के शीशे टूट गए। श्मेरी खिड़की के शीशे टूट गए पास में रहने वाले राकेश गुप्ता ने बताया कि विस्फोट के तुरंत बाद लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। गुप्ता ने कहा, ष्जो कुछ हुआ है उसे लेकर हम बहुत भ्रमित हैं। पुलिस टीमें जांच कर रही हैं।ष विस्फोट स्थल के बहुत करीब धूप के चश्मे की दुकान चलाने वाले सुमित ने कहा, ष्मेरी खिड़की के शीशे टूट गए। मेरी दुकान के अंदर सब कुछ जमीन पर गिर गया। यह बहुत तेज विस्फोट था।ष शुरुआती तफ्तीश करने पहुंची एनआईए की टीम केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए की टीम शुरुआती तफ्तीश करने और सबूतों से जुड़े इनपुट इकठ्ठा करने मौके पर पहुंची है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा इस मामले में तफ्तीश का जिम्मा कुछ दिनों के बाद जांच एजेंसी एनआईए को भी सौंपा जा सकता है। फिलहाल स्पेशल सेल और रोहिणी जिला पुलिस के द्वारा इस मामले की तफ्तीश की रिपोर्ट के बाद मंगलवार तक इस मामले में लिया जा सकता है।तफ्तीश संबंधित आगे का फैसला आतंकी साजिश या कोई बड़े वारदात की संभावना के मद्देनजर ही लिया जा सकता है। एनआईए को केस ट्रांसफर किया जाएगा। किसी भी बड़े अपराधिक वारदातध्आतंकी घटना या संदिग्ध बम विस्फोटक से संबंधित इनपुट्स की जानकारी मिलने के बाद शुरुआती तफ्तीश के लिए एनआईए को पहुंचना ये एक एसओपी यानी प्रोटोकॉल का हिस्सा होता है।

## अगले 24 घंटे के लिए IMD की चेतावनी! भारी बारिश और तूफान से हाल होंगे बेहाल, जानें आपके शहर में कैसा रहेगा मौसम

भारत के कई राज्यों में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है. मौसम विभाग की मानें तो यूपी, दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में मौसम शुष्क बना रहेगा.मानसून के विदा होते ही उत्तर भारत में ठंड दस्तक देने लगी है, जबकि देश के दक्षिणी हिस्सों में भारी बारिश की उम्मीद जताई गई है.मौसम विभाग ने भारी बारिश को लेकर मुंबई, ठाणे, पालघर और दक्षिण कोंकण में येलो अलर्ट जारी किया है. आईएमडी ने यहां तेज हवाएं चलने की भी चेतावनी दी है.आईएमडी ने 21 से 25 अक्टूबर को दौरान कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है. भारी बारिश से इन क्षेत्रों में हल्की ठंड पड़ने की उम्मीद है. आईएमडी के अनुसार उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, राजस्थान और उत्तराखंड में अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है. इन क्षेत्रों में बारिश की संभावना कम है. आईएमडी के अनुसार अगले 24 घंटों में केरल और कर्नाटक के अलग–अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश की संभावना जताई गई है.तमिलनाडु, पुदुचेरी और कराईकल, तटीय आंध्र प्रदेश में भी बिजली गिरने और गरज के साथ बादलों के बरसने का पूर्वानुमान है.आईएमडी के अनुसार तेलंगाना के अलग–अलग स्थानों पर 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई गई है. यहां आसमानी बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है.

## ऑपरेशन लंगड़ा के तहत यूपी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 24 घंटे में दूसरा एनकाउंटर कर गौकशों को दबोचा

अमेठी में पुलिस का श्ऑपरेशन लंगड़ाश लगातार जारी है. बीते 24 घंटों में पुलिस ने एक और एनकाउंटर कर दो गौकशों को गिरफ्तार कर लिया है. एनकाउंटर में एक गौकश के पैर में गोली लगी, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से भारी मात्रा में गौवध केउपकरण, तमंचा, जिंदा कारतूस औरमोटरसाइकिल भी बरामद की है. गिरफ्तार किए गए दोनों गौकशों पर अमेठी और आसपास के जिलों के थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं.खंडहर में छिपे थे आरोपीयह पूरा मामला कमरौली थाना क्षेत्र के कठौरा स्थित निर्माणाधीन डिग्री कॉलेज के पास के खंडहर का है. पुलिस को देर रात सूचना मिली थी कि कुछ गौकश आवारा जानवरों को पकड़कर गौकशी की योजना बना रहे हैं. सूचना मिलते ही कमरौली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खंडहर को घेर लिया. पुलिस को देख आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की. इस कार्रवाई में एक आरोपी के पैर में गोली लगी है, जिसकी पहचान अरशद उर्फ सोनू के रुप में हुई है. पुलिस ने दूसरे आरोपी हसीब उर्फ लादेन को दौड़ाकर पकड़ लिया. आरोपियों पर दर्ज हैं कई केस घायल आरोपी को इलाज के लिए जगदीशपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है. पुलिस ने मौके से एक तमंचा, जिंदा कारतूस, एक खोखा, लकड़ी का ठीहा, चापड़, तराजू और बांट बरामद किया है. इसके अलावा आरोपियों के पास पुलिस ने गौवध समते कई अन्य उपकरण बरामद किए हैं. इसके अलावा एक पल्सर मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है. गिरफ्तार दोनों आरोपियों पर अमेठी और पड़ोसी जिलों के थानों में 17 से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं.पुलिस ने क्या कहा?मुसाफिरखाना के सीओ अतुल सिंह ने बताया कि पुलिस को देर रात सूचना मिली थी कि खंडहर के पास कुछ गौकश एकत्र हुए हैं और ये लोग गौकशी की योजना बना रहे हैं. इसकी सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की. सीओ अतुल सिंह ने बताया कि पुलिस को देखकर गौकशों ने फायरिंग शुरू कर दी. पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक गौकश घायल हो गया है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. फिलहाल दोनों गौकशों को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है.

## सुबह टहलने गई दो महिलाओं से लूटे कुंडल



गाजियाबाद। सुबह टहलने निकलीं दो महिलाओं के कुंडल खींचकर बदमाश फरार हो गया। पीड़िताओं की तहरीर पर मधुबन बापूधाम थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।दुहाई निवासी बाला देवी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे वह अपनी पड़ोसन सुनीता देवी के साथ खेतों की ओर टहलने के लिए निकली थीं। जैसे ही दुहाई गांव से बाहर पहुंचीं तो युवक उनके पास पहुंचा और दोनों के कानों के कुंडल खींच लिए। जब तक वह दोनों कुछ समझ पातीं तक तक आरोपी भागकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बदमाश की धरपकड़ को सर्च अभियान चलाया लेकिन कामयाबी नहीं मिली। पुलिस का कहना कि बदमाश की तलाश की जा रही है।

## 2.50 करोड़ की लॉटरी लगवाने के नाम पर 21.55 लाख की ठगी



गाजियाबाद। 2.50 करोड़ की लॉटरी लगवाने के नाम पर शालीमार गार्डन के चंदन सिंह को ठगों ने 21.55 लाख की चपत लगा दी। ठगों ने विश्वास बढ़ाने के लिए शुरूआत में पांच हजार के बदले चंदन सिंह को 10 हजार रुपये दिए। इसके बाद उन्होंने और रुपये आने के चक्कर में ठगों के खाते में धनराशि ट्रांसफर कर दी। मामले में साइबर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू कर दी।चंदन सिंह ने बताया कि उन्होंने फेसबुक पर एक विज्ञापन देखा था। उसमें ठगों ने खुद का लुधियाना के गांधी ब्रदर्स लॉटरी के नाम से परिचय दिया। संपर्क बढ़ने पर ठगों ने उनसे पांच हजार रुपये लगाने को कहा। उनकी बातों में आकर उन्होंने पांच हजार रुपये लगा दिए। इसके बदले ठगों ने उनको 10 हजार रुपये भेज दिए। विश्वास बढ़ने पर उन्होंने दोबारा 35 हजार और फिर 40 हजार रुपये भेजे लेकिन उनको इसके बदले रुपये वापस नहीं मिले फिर ठगों ने उनको बताया रकम इकट्ठा हो गई है, वो लॉटरी के जैकपॉट में दी जाएगी और उनकी 2.50 करोड़ की जैकपॉट लॉटरी लगी है।जैकपॉट की रकम चाहिए तो इसके बदले उनको और रुपये भेजने पड़ेंगे। उनकी बातों में आकर उन्होंने अलग अलग खातों में कुल 21.55 लाख रुपये भेज दिए। इसके बाद भी आरोपी और रकम की मांग कर रहे थे। न देने पर उन्होंने संपर्क तोड़ दिया तो उनको ठगी का पता चला। मामले में उन्होंने साइबर थाने में शिकायत दी। एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

## धर्मांतरण के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

गाजियाबाद। नंदग्राम क्षेत्र में लालच देकर धर्मांतरण के आरोपी रवि, आशीष मसीह और जेराल्ड मैथ्यूज की जमानत अर्जी अदालत ने खारिज कर दी। अदालत ने दोनों पक्षों के वकीलों की दलील सुनने के बाद आरोप को गंभीर मानते हुए शनिवार को तीनों आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि नंदग्राम थाना पुलिस ने पिछले दिनों लालच देकर धर्मांतरण कराने के मामले में जेराल्ड मैथ्यूज, आशीष मसीह और रवि समेत पांच लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था।

रवि, आशीष मसीह और जेराल्ड मैथ्यूज को जमानत दिलाने के लिए उनके वकील ने कोर्ट अर्जी दाखिल की थी।



# फलों पर थूक लगाकर बेचते युवक पकड़ा, थाने में हंगामा, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

अलीगढ़ में थाना बन्नादेवी क्षेत्र के बारहद्वारी इलाके में थूक लगाकर फल बेचने के मामले में फल विक्रेता को लेकर स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। वीडियो वायरल होने के बाद फल विक्रेता की यह हरकत सामने आई। मामले को लेकर करणी सेना के पदाधिकारियों ने देर रात थाने में पहुंचकर जमकर हंगामा किया। मामले में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बारहद्वारी इलाके में मोहम्मद दानिश निवासी ईदगाह रोड देहलीगेट का फल विक्रेता ढकेल लगाकर फल बेचता है। 19 अक्टूबर की देर रात कुछ महिलाएं फल खरीदने के लिए पहुंची। फल विक्रेता दानिश फलों पर थूक लगाकर बेच रहा था। इसकी हरकत को कुछ लोगों ने देख लिया और इसका विरोध किया। मामले का एक वीडियो भी बना लिया। इसको लेकर हंगामा होने लगा, तभी पुलिस वहां आ गई। पुलिस आरोपी को अपने साथ थाने ले गई। करणी सेना के पदाधिकारियों को मामले की जानकारी हुई तो सभी थाने पहुंच गए।



उन्होंने आरोपी के खिलाफ मुक. दमा दर्ज करने और कार्रवाई करने की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। करणी सेना पदाधिकारियों का कहना है कि मोहम्मददानिश की हरकत से लोगों की धार्मिक आस्थाएं आहत हुई हैं। मामले में तहरीर दी गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।



उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला इकाई का विशाल जिला व्यापारी महासम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह लक्ष्मी बाई मार्ग स्थित सौभाग्य मंडप पर दोपहर 12रू00 बजे से संपन्न हुआ, मंचासीन अतिथियों ने मंच पर आसीन भगवान् गणेश जी के समक्ष दीप जलाकर चित्र पर माला पहना कर कार्य क्रम प्रारम्भ किया, जिला अध्यक्ष कमल गुप्ता ने जिला व्यापार मंडल की प्रगति रिपोर्ट पड़ी जिसको सभी ने सराहा सम्मेलन में आए हुए सभी अतिथियों एवं व्यापारियों को आभार प्रकट किया सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्री बनवारी लाल कंछल मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे इस सम्मेलन में राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती मीना कुमारी जी महानगर विधायक मुक्ता संजीव राजा तथा कोल विधायक अनिल पाराशर एवं भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष श्री राजीव शर्मा जी को अंग बस्त्र, पुष्प माता पहना कर स्मृति चिन्ह् देकर सम्मान किया, सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने कहा कि व्यापारी ने हमेशा सरकार को दिया ही दिया है बाढ़ आए या कोई देश प्रदेश पर मुसीबत आए हमेशा व्यापारी ही सरकार के साथ खड़ा रहा है हमने सरकार से ऑनलाइन ट्रेडिंग समाप्त करने तथा सभी लाइसेंस प्रक्रिया आ. जीवन करने तथा जीएसटी में जो खामियां हैं उन्हें सही कर व्यापारियों को सहूलियत दी जावे माननीय मुख्यमंत्री जी ने आश्वासन दिया है कि व्यापारियों की हर समस्या का समाधान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है इस अवसर पर कोल विधायक अनिल पाराशर ने कहा कि मैं भी विधायक से पहले व्यापारी हूं व्यापारी की जो भी समस्या है मैं हर समय तैयार हूं इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य मीना कुमारी जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं भी एक व्यापारी हूं व्यापारियों के लिए हमेशा लड़ी हूं लड़ती रहूंगी इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी राजीव शर्मा जी ने कहा कि व्यापारी अपने को अकेला ना समझे सरकार व्यापारी के साथ है सम्मेलन का संचालन दिनेश गुप्ता पूर्व पार्षद ने किया इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष द्वारा दिनेश अग्रवाल को प्रांतीय मंत्री मनोनीत करने की घोषणा की सम्मेलन में जिला अध्यक्ष यतींद्र मोहन झा महानगर अध्यक्ष ओपी राठी जिला प्रभारी प्रमोद गुप्ता जिला महामंत्री– सुरेश चंद्र लोधी, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजेश तोमरयुवा अध्यक्ष अंशुल तोमर,कार्ययालय प्रभारी रवि जैन, हिमांशु गुप्ता,महानगर अध्यक्ष सतीश माहेश्वरी सहारनपुर से आए प्रदेश महामंत्री जसवंत सिंह बत्रारामपुर से प्रदेश महामंत्री कपिल आर्य बुलंदशहर से राधेश्याम जिला अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल आगरा जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा तथा गभाना,चंदौस, पिसावा, जट्टारी ,गोंडा ,खैर, गोरई, बैसवां ,इगलास, हस्तपुर, हरदुआगंज ,साधु आश्रम ,छर्रा गल्ला मंडी, अतरौली, गंगीरी , कोडिया गंज,अकराबाद ,बरला जलाली, पनैठी, बरौली ,जवा कासिमपुर इत्यादि सभी ग्रामीण अंचलों से 700 से 800 व्यापारी उपस्थित हुए

## मंडी में हो रहा नकद भुगतान, फिर क्रय केंद्रों पर धान बेचने क्यों जाएं किसान, वहां पसरा सन्नाटा

सरकारी क्रय केंद्रों पर ग्रेड ए धान की कीमत 2320 रुपये है। किसानों को इसी धान की कीमत मंडी में 3200 रुपये तक मिल रही है। यहीं वजह है कि जहां मंडियों में अब तक 12 लाख क्विंटल धान की बिक्री हो चुकी है तो वहीं, सरकारी क्रय केंद्रों पर सिर्फ 40 क्विंटल धान की खरीद ही हुई है।सरकारी क्रय केंद्रों की अपेक्षा अधिक कीमत और नकदी भुगतान की वजह से किसान मंडियों में धान बेच रहे हैं। यहीं वजह है कि एक तरफ सरकारी क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है तो वहीं, मंडी में किसानों की भीड़ उमड़ रही है।सरकारी क्रय केंद्रों की अपेक्षा अधिक कीमत और नकदी भुगतान की वजह से किसान मंडियों में धान बेच रहे हैं। यहीं वजह है कि एक तरफ सरकारी क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है तो वहीं, मंडी में किसानों की भीड़ उमड़ रही है।सरकारी क्रय केंद्रों पर ग्रेड ए धान की कीमत 2320 रुपये है। किसानों को इसी धान की कीमत मंडी में 3200 रुपये तक मिल रही है। यहीं वजह है कि जहां मंडियों में अब तक 12 लाख क्विंटल धान की बिक्री हो चुकी है तो वहीं, सरकारी क्रय केंद्रों पर सिर्फ 40 क्विंटल धान की खरीद ही हुई है।मंडी में भीड़ का



आलम यह है कि यहां धान रखने के लिए जगह नहीं मिल पा रही। किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। मंडी में जनपद के किसानों के अलावा हाथरस, एटा, आगरा, कासगंज, मैनपुरी, फिरोजाबाद तक के किसान धान लेकर आ रहे हैं। जिले में धनीपुर के अलावा खैर, गभाना, अतरौली, हरदुआगंज, छर्रा, इगलास की मंडियों में धान की बंपर खरीद हो रही है।अलीगढ़ मंडल में मोटे धान (कॉमन एवं ग्रेड ए) की कम पैदावार होती है। यहां के किसान बासमती एवं सुगंधा चावल अधिक उगाते हैं। जिले में 25 सरकारी धान क्रय केंद्र खुले हुए हैं। अभी मोटे धान की आवक कम है। बासमती धान की अधिक आवक हो रही है। अभी सिर्फ 40 क्विंटल धान व 300 क्विंटल बाजरे की खरीद ही हो सकी है।– राजीव कुलश्रेष्ठ, जिला खाद्य विपणन अधिकारीनीपुर मंडी के अलावा खैर, गभाना, अतरौली, हरदुआगंज, छर्रा, इगलास की अनाज मंडी में अब तक करीब 12 लाख क्विंटल बासमती धान की खरीद हो चुकी है। जबकि मक्का व बाजरा की करीब 25 हजार क्विंटल खरीद हो चुकी है।– रामकुमार यादव, मंडी सचिव धनीपुर सरकारी क्रय केंद्रों पर केवल मोटा धान खरीदा जा रहा है। भुगतान भी कई–कई दिन बाद मिल रहा है। मंडी में धान की कीमत अच्छी मिल रही है। भुगतान भी हाथों–हाथ मिल रहा है। – भूप सिंह, सिकंदराराऊ, हाथरस सरकारी क्रय केंद्रों पर केवल मोटे धान की खरीद हो रही है। जबकि खुले

## दिवाली से पहले फटा महंगाई का पटाखा, आटे से लेकर तेल तक की कीमतें चढ़ीं, खील-बताशे हुए मंहगे

आलू को छोड़कर अधिकांश सब्जियों का दाम फुटकर में 80 से 100 रुपये के बीच में हैं। इन हालातों में आम आदमी के लिए रोशनी का यह पर्व काफी खर्चीला साबित होगा।दीपावली से पहले महंगाई का पटाखा फट गया है। आटा, खाद्य तेल, खील–बतासे, चीनी, चना के साथ ही सब्जियों के रेट भी लोगों को परेशान कर रहे हैं। पिछले बीस दिनों के भीतर खाद्य पदार्थों पर ही पांच से 30 रुपये का इजाफा हो गया है। आलू को छोड़कर अधिकांश सब्जियों का दाम फुटकर में 80 से 100 रुपये के बीच में हैं। इन हालातों में आम आदमी के लिए रोशनी का यह पर्व काफी खर्चीला साबित होगा।त्योहारी सीजन में पिछले 20 दिनों में खाद्य पदार्थों की कीमतों में पांच से 30 रुपये की वृद्धि हुई। महंगाई बढ़ने से ग्राहक पिछले साल की अपेक्षा कम मात्रा में सामान खरीद रहेहैं।हैं।–हरीमोहन,दुकानदार,किशनपुरपिछले करीब 20 दिनों से सब्जियों के भाव और बढ़ गए हैं। ज्यादातर सब्जियां 80 से 100 रुपये किलो के बीच में हैं। दीपावली के बाद सब्जियों के दामों में गिरावट की उम्मीद है।–देवेश यादव, सब्जी विक्रेता, धनीपुर मंडी।त्योहारी सीजन में महंगाई के चलते घर का बजट बिगड़ गया है। घर चलाने के लिए अन्य खर्चों में कटौती करनी पड़ रही है। हर चीज महंगी होती जा रही है।–पूर्णिमा वार्ष्णेय, सराय हकीम।खील–बतासे हुए महंगे दीपावली पर पूजा में इस्तेमाल किए जाने वाले खील–बतासे के रेट इस बार करीब 10–15 फीसदी तक बढ़ गए हैं। दुक. ानदारों के मुताबिक पिछले साल बतासे की कीमत 65 रुपये किलो थी। इस बार 75 रुपये किलो है। खील भी 85–90 रुपये प्रति किलो है, जो पिछलीदीपावली पर 75 रुपये किलो थी।बचत करना हो रहा मुश्किल पुष्पांजलि निवासी अध्यापक अनिल गौड़ ने कहा कि दाम बढ़ने से थाली से दाल की कटोरी गायब होती जा रही है। आटा बढ़कर 35 से 40 रुपये किलो हो गया है। आम लोगों के लिए अपनी थाली में दोनों समय भोजन का जुगाड़ करना भारी पड़ रहा है। कमाई का बड़ा हिस्सा पेट भरने में चला जा रहा है और कोई बचत नहीं कर पा रहे हैं।दीपावली पर पकवान का स्वाद फीका रहेगा किशनपुर निवासी रिंकू ने कहा कि इस बार महंगाई की मार ऐसी पड़ी है कि मन–मुताबिक पकवान बनाने के मंसूबे पर पानी फिरता नजर आ रहा है। मैदा–सूजी, मेवा, तेल, देसी घी व रिफाइंड से लेकर पकवान बनाने के काम आने वाली हर चीज की कीमत आसमान छू रही है। इस बार दीपावली पर पकवान का स्वाद फीका ही रहेगा।

खाद्य पदार्थों के रेट

खाद्य पदार्थ 20 दिन पहले के भाव अब

आटा 28–40 अब 35–45 रिफाइंड 115 अब 140 सरसों का तेल 130 अव 160 चीनी 43 अव 44 मैदा 32 अव 36



सूजी 33 अव 38 डॉलर चना 140 अव 18

कीमत प्रति लीटर व किलो में)सब्जियों के रेट सब्जी दाम आलू 35–40 गोभी 120भिंडी 50 टमाटर 80–100



अरबी 80 मिर्च 80–100 प्याज 80 शिमला मिर्च 140 (कीमत प्रति किलो मे




## एएमयू ब्रिज कोर्स की नियमित पढ़ाई के लिए छात्रों का प्रदर्शन, छात्र-छात्राओं ने किया बाब-ए-सैयद बंद, आवागमन ठप



ब्रिज कोर्स के छात्र बाब–ए–सैयद पर पहुंचे। गेट बंद करके छात्र वहीं धरने पर बैठ गए। छात्रों ने नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि छह अगस्त से पढ़ाई शुरू हो गई, लेकिन दो–तीन बार ही पढ़ाई हो पाई है।एएमयू में ब्रिज कोर्स की नियमित पढ़ाई की मांग को लेकर छात्रों ने बाब–ए–सैयद पर प्रदर्शन किया। छात्र वहीं, धरने पर बैठ गए। गेट बंद होने से आवागमन ठप हो गया।19 अक्टूबर दोपहर 12रू30 बजे ब्रिज कोर्स के छात्र बाब–ए–सैयद पर पहुंचे। गेट बंद करके छात्र वहीं धरने पर बैठ गए। छात्रों ने नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि छह अगस्त से पढ़ाई शुरू हो गई, लेकिन दो–तीन बार ही पढ़ाई हो पाई है। छात्र नेता सलमान गौरी ने बताया कि ब्रिज कोर्स में मदरसा पृष्ठभूमि से छात्र–छात्राएं प्रवेश लेते हैं। यूनिवर्सिटी में वर्ष 2013 में यह कोर्स शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि सोमवार से नियमित पढ़ाई नहीं हुई तो अगले दिन से आंदोलन शुरू हो जाएगा।उन्होंने कहा कि पहले शिक्षकों को पढ़ाने के लिए एक हजार रुपये मिलते थे, लेकिन अब 150 रुपये कर दिए गए हैं, जिससे वह पढ़ाने नहीं आ रहे हैं। सलमान ने कहा कि अगर यूनिवर्सिटी चाहे तो पीएचडी छात्र उन्हें पढ़ा सकते हैं। इस दौरान छात्रों ने कुलपति को संबोधित ज्ञापन प्रॉक्टर प्रो. मोहम्मद वसीम अली को सौंपा है। इस संबंध में प्रॉक्टर वसीम अली ने बताया कि उनकी मांगों को कुलपति के समक्ष रखा जाएगा।

# 14 साल पहले हुई युवक की हत्या, दो सगे भाइयों समेत चार को आजीवन कारावास

घटना 30 नवंबर 2010 को हुई थी। गांव के प्राइमरी स्कूल में शिक्षामित्र सरला पत्नी तुलसी की उनके बेटे नरेंद्र से कहासुनी हुई थी। इस बात पर तुलसी ने नरेंद्र की पिटाई कर दी। एक दिसंबर 2010 को लाल सिंह के बेटे रूपकिशोर ने तुलसी से भाई से मारपीट का कारण पूछा तो उसने गाली–गलौज करते हुए तमंचा निकाल लिया।अलीगढ़ के थाना अतरौली क्षेत्र में 14 साल पहले हुई युवक की गोली मारकर हत्या के मामले में दो सगे भाइयों समेत चार लोगों को एडीजे छह नवल किशोर सिंह की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।एडीजीसी जेपी रा. जपूत ने बताया कि यह घटना 30 नवंबर 2010 को हुई थी। मामले में अतरौली थाना क्षेत्र के गांव नगला लोधा निवासी लाल सिंह ने तहरीर देकर कहा था कि गांव के प्रा. इमरी स्कूल में शिक्षामित्र सरला पत्नी तुलसी की उनके बेटे नरेंद्र से कहासुनी हुई थी। इस बात पर



तुलसी ने नरेंद्र की पिटाई कर दी। एक दिसंबर 2010 को लाल सिंह के बेटे रूपकिशोर ने तुलसी से भाई से मारपीट का कारण पूछा तो उसने गाली–गलौज करते हुए तमंचा निकाल लिया।इसी दौरान विनोद व दीपचंद हाथों में तमंचा लेकर व राजेश उर्फ भोले फरसा लेकर आए और रूपकिशोर से मारपीट करने लगे। शोर मचाने पर लाल सिंह की पत्नी धर्मवती, बेटी फूलवती, बेटा नरेंद्र व भतीजा वीरेंद्र बीच–बचाव में आए। तभी तुलसी ने रूपकिशोर पर, विनोद ने नरेंद्र पर व दीपचंद ने फूलवती पर फायरिंग कर दी। राजेश ने धर्मवती पर हमला कर दिया। लालसिंह व वीरेंद्र से मारपीट की। गोली लगने से रूपकिशोर की मौके पर मौत हो गई। धर्मवती, फूलवती, नरेंद्र व वीरेंद्र भी घायल हो गए। पुलिस ने तुलसी, रामगोपाल उर्फ दीपचंद, विनोद उर्फ उदयवीर व राजेश उर्फ भोले के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए चा. र्जशीट दाखिल की। इनमें तुलसी व दीपचंद और विनोद व राजेश आपस में सगे भाई हैं। अदालत ने सत्र परीक्षण व गवाहों के आधार पर चारों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दीपचंद, तुलसी व राजेश पर 30–30 हजार रुपये व विनोद को 50 हजार रुपये का जुर्माना से दंडित किया है। 50 प्रतिशत धनराशि घायलों को बतौर क्षतिपूर्ति देने के लिए कहा गया है।

## समाधान दिवस बना मनोरंजन दिवस, फरियादियों की शिकायत सुनने की बजाय मोबाइल पर मैच देखते रहे अधिकारी

` हाथरस जिले में जनता के समाधान दिवस को एक अधिकारी ने मनोरंज दिवस बना लिया। जनता अपनी फरियाद लेकर अधिकारियों के सामने खड़ी रही, लेकिन साहब मोबाइल पर क्रिकेट मैच देखते रहे। साहब का मोबाइल फोन पर क्रिकेट मैच देखते हुए किसी ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।मामला सादाबाद कोतवाली क्षेत्र स्थित एसडीएम कार्यालय में मौजूद सभा कक्ष का है। जहां समाधान दिवस के मौके पर फरियादियों की भारी भीड़ अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिए आई हुई थी। एसडीएम सादाबाद और सीओ सादाबाद ने तो लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन भी दिया, लेकिन कृषि अधिकारी मयंक कुमार की लापरवाही ने फरियादियों को निराश कर दिया। उन्होंने फरियादियों की समस्याएं सुनने के बजाय मोबाइल फोन पर क्रिकेट मैच देखने में अधिक रुचि दिखाई। जब कुछ फरियादी उनकी टेबल तक पहुंचे तो उन्होंने देखा कि अधिकारी पूरी तरह से मोबाइल फोन में क्रिकेट मैच देखने में व्यस्त हैं।यह देखकर फरियादियों की उम्मीदें टूट गईं और वे निराश होकर अन्य अधिकारियों के पास चले गए। वहीं, अब सोशल मीडिया पर साहब का क्रिकेट मैच देखने का वीडियो वायरल हो रहा है। स्थानीय लोगों ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और अधिकारियों से काम के प्रति गंभीरता बरतने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस तरह की लापरवाही से जनता का विश्वास टूटता है और उन्हें अपने मुद्दों के समाधान की उम्मीद नहीं रहती। वहीं, एसडीएम सादाबाद राजेश कुमार का कहना है कि इस मामले की जानकारी उनको नहीं है।

## 3.10 करोड़ रूपये से भरे जाएंगे सड़कों के गड्ढे, 10 किमी. लंबी 75 रोड की होगी मरम्मत

अलीगढ मुख्यमंत्री आदित्याथ ने 10 अक्तूबर तक गड्ढों को भरने की मियाद तय की थी। लेकिन, इस दौरान गड्ढे नहीं भरे जा सके। इससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी।अलीगढ़ जिले में परेशानी के सबब बने 75 सड़कों के गड्ढे 3.10 करोड़ रुपये से भरे जाएंगे। लोक निर्माण विभाग 31 अक्तूबर तक 10 किमी लंबी सड़कों की मरम्मत करेगा।मुख्यमंत्री आदित्याथ ने 10 अक्तूबर तक गड्ढों को भरने की मियाद तय की थी। लेकिन, इस दौरान गड्ढे नहीं भरे जा सके। इससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी। लोगों का कहना है कि लोक निर्माण विभाग मुख्यमंत्री के आदेश को भी नहीं मान रहा है। सड़कों पर बड़े–बड़े गड्ढे हैं।लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता योगेश कुमार ने बताया कि 3. 10 करोड़ रुपये से सड़कों के गड्ढे भरे जाएंगे। ज्यादातर गड्ढे भरे जा चुके हैं। बाकी भरे जा रहे हैं। उधर, शहर की सड़कों पर गड्ढे हैं, जिन्हें नगर निगम 25 लाख रुपये की लागत से भर रहा है। नगर निगम के मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद ने बताया कि सड़कों पर गड्ढे भरे जा रहे हैं। जो रह गए हैं, उन्हें जल्द भर दिया जाएगा।गड्ढे को भरने में केवल औपचारिकताएं निभाई गई हैं। गड्ढों में जो गिट्टियां डाली गईं, वह वाहनों के पहिये के नीचे आने से इधर–उधर छिटक जा रही हैं।–जितेंद्र गुप्ता, रामघाट रोड सड़क काफी खराब है। गड्ढे हो गए हैं। दो पहिया वाहनों का संतुलन बिगड़ जा रहा है। सड़क से उड़ने वाली धूल से परेशानी हो रही है।–आसिफ, दोदपुरकेलानगर–दोदपुर सड़क लोगों के लिए मुसीबत बन गई है, लेकिन उसे दुरुस्त नहीं किया जा रहा है। नगर निगम बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।–अख्तर, दोदपुरइस सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे हैं। इसी सड़क से जेएन मेडिकल कॉलेज का रास्ता जाता है। रोजाना 200 बार से ज्यादा एंबुलेंस आते–जाते हैं।–अमन गौतम, केलानगर

## दीपावली पर 150 अतिरिक्त बसें चलाएगा रोडवेज, इस रूट पर रहेगा सर्वाधिक जोर



दीपावली, गोवर्धन व भाई दूज के त्योहार पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए प्रदेश मुख्यालय स्तर से दिल्ली–कानपुर, मुरादाबाद, बरेली, आगरा एवं लखनऊ रूट पर बसें चलाने के निर्देश दिए गए हैं।दीपावली पर भीड़ को देखते हुए रोडवेज 150 अतिरिक्त बसें चलाएगा। व्यस्ततम दिल्ली–कानपुर रूट पर 28 अक्तूबर से 450 बसें चलेंगी। रोडवेज के अधिकारियों ने अतिरिक्त बसें चलवाने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया हैदीपावली, गोवर्धन व भाई दूज के त्योहार पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए प्रदेश मुख्यालय स्तर से दिल्ली–कानपुर, मुरादाबाद, बरेली, आगरा एवं लखनऊ रूट पर बसें चलाने के निर्देश दिए गए हैं। जिस रूट पर लोड फैक्टर 65 प्रतिशत से अधिक होगा उस पर अतिरिक्त बसें चलेंगी। सभी कर्मचारियों के अवकाश पर रोक लगा दी गई है। हर बार की तरह चालक–परिच. ालकों के लिए प्रोत्साहन योजना भी शुरू की गई है। अच्छा कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा।रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि आनंद विहार, सराय काले खां, कश्मीरी गेट, कौशांबी डिपो, गांधीपार्क, मसूदाबाद, सारसौल सेटेलाइट बस स्टैंड पर यात्रियों को बसों में बैठाने के लिए प्रभारी व कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। वर्कशॉप में खराब पड़ी बसों की मरम्मत कराई जा रही है।

## खैर उपचुनाव दो दिन में एक भी नहीं हुआ नामांकन, संभावित प्रत्याशी खरीद रहे पर्चे




अलीगढ़ के खैर विधानसभा में 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए दूसरे दिन 19 अक्टूब को भी नामांकन का खाता नहीं खुल सका। हालांकि, संभावित प्रत्याशियों ने तहसील पहुंचकर नामांकन पत्र जरूर खरीदे।खैर के विधायक रहे अनूप प्रधान के हाथरस से चुनाव लड़ने और सांसद बनने के बाद से यह सीट खाली चल रही थी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मीनू राणा ने एसडीएम न्यायालय कक्ष में संपन्न कराई जा रही नामांकन प्रक्रिया का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी. ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर 25 अक्तूबर तक चलेगी। 28 अक्तूबर को नामांकन पत्रों की जांच व 30 अक्तूबर तक नाम वापसी हो सकेगी। दोपहर बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित होंगे। 12 नवंबर को खैर मंडी से पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। 13 नवंबर को मतदान होगा। परिणाम 23 नवंबर को आएगा।इन्होंने खरीदा नामांकन पत्रपहले दिन प्रत्याशी अभय कुमार उर्फ बंटी के लिए अरविंद पाठक व नितिन कुमार चौधरी ने एक–एक सेट का नामांकन पत्र खरीदा था। दूसरे दिन पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तेजवीर सिंह गुड्डू की पुत्र वधु डॉ. चारु केन के लिए विपिन कुमार एवं निखिल चौधरी ने नामांकन पत्र खरीदा।

## करवा चौथ आज, पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखेंगी सुहागिनें, बाजारों में लगी भीड़



हाथरस :करवा चौथ के लिए बाजारों में करवा, दीपक, छलनी और थाली के पैक बाजार में बिक रहे हैं। इनकी मांग भी खूब है। सड़क किनारे लगी दुकानों और ढकेलों पर यह पैक बिकते नजर आ रहे हैंसुहागिनों के अखंड सौभाग्य का प्रतीक करवा चौथ का त्योहार 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। सुहागिन महिलाएं पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर निर्जला उपवास रखेंगी। 19 अक्टूबर को त्योहार से एक दिन पूर्व बाजारों में खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ी। महिलाओं ने पूजा–पाठ के साथ सौंदर्य प्रसाधन के सामान की खरीदारी की। शहर के बा. जारों में 19 अक्टूबर को सुबह से ही खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। गहने, साड़ी, चूड़ियां और सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर अच्छी–खासी भीड़ रही। व्यस्त बाजारों में जगह–जगह लगे स्टॉलों पर महिलाएं मेहंदी लगवाती नजर आईं। यहां महिलाओं को काफी देर तक इंतजार करना पड़ रहा था। ब्यूटी पार्लरों में भी सजने–संवरने के लिए महिलाओं का तांता लगा रहा। आधी रात तक मे. हंदी और ब्यूटी पार्लरों पर चहल–पहल नजर आई। महिलाएं इस त्योहार को लेकर खासी उत्साहित नजर आईं।लोगों ने पूजा के लिए कैलेंडर, मिट्टी और चीनी के करवे, छलनी, पूजन सामग्री, पकवान बनाने का सामान खरीदा। शहर में जगह–जगह ढकेलों पर और सड़क किनारे इनकी बिक्री होती नजर आई। भीड़ के चलते दिन भर शहर के बागला मार्ग, पंजाबी मार्केट, रामलीला मैदान, बख्तावर गली, घंटाघर, बैनीगंज आदि प्रमुख बाजारों में जाम के हालात रहे। पौराणिक मान्यता के मुताबिक सुहागिन महिलाएं करवा चौथ पर पूरे दिन निर्जला उपवास रखेंगी। शाम को सोलह शृंगार कर भगवान गौरीशंकर का पूजन करेंगी। पूड़ी–पकवानों से भोग लगाएंगी और फिर चंद्रदेव को अर्घ्य देकर उपवास खोलेंगी। सुहागिन महिलाओं को इस त्योहार का साल भर इंतजार रहता है। करवा, दीपक व थाली का बिक रहा पैक करवा चौथ के लिए बाजारों में करवा, दीपक, छलनी और थाली के पैक बाजार में बिक रहे हैं। इनकी मांग भी खूब है। सड़क किनारे लगी दुकानों और ढकेलों पर यह पैक बिकते नजर आ रहे हैं। करीब 250 रुपये की कीमत में इनकी बिक्री हो रही है।

## रविंद्र पाल की आंखों से देख सकेंगे और दो लोग

देहदान कर्त्तव्य संस्था ने सदस्य महेन्द्र नगर निवासी 73 वर्षीय रविन्द्र पाल सिंह का नेत्रदान पारिवारिक सदस्यों की पूर्ण सहमति से सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। विदित रहे देहदान कर्तव्य संस्था के सहयोग से यह 84 वा नेत्रदान है । देहदान कर्तव्य संस्था के सदस्य भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार सुबह सदस्य राजवीर शर्मा का फोन अध्यक्ष डॉ एस के गौड़ के पास आया कि संस्था सदस्य का नेत्रदान होना है। डॉ गौड़ ने जे एन मैडिकल कॉलेज नेत्र विभाग के मुहम्मद साबिर एस एल ए को सूचित किया।उन्होंने अविलम्ब टीम ले जा कर नेत्रदान को अंजाम दिया। इस अवसर पर नेत्र बैंक द्वारा प्रदत प्रश. स्ति पत्र भेंट कर एकत्रित समूह को सम्बोधित करते हुए डॉ गौड़ ने कहा कि परिवार ने जो मानवीय कदम उठाया वह प्रशंसनीय, वंदनीय व उत्कृष्ट है। इससे दो लोगों को ईश्वरी दुनिया देखने को मिल सकती है।उन्होंने कहा कि निश्चित ही उन्हें अगले जन्म में आँखें जरूर मिलेंगी। क्योंकि दुनियाँ से जाते जाते दो लोगो का भला किया।परिवार का संस्था की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए साधुवाद कहा। डॉ गौड़ ने आगे कहा कि आप हमें सूचित कीजिए। शेष कार्य स्वयं दे. हदान कर्तव्य संस्था करेगी। बिना किसी पारिवारिक व्यवधान के। इस अवसर पर प्रोफेसर ए के अमिताव, प्रोफेसर जिया सिद्दीकी, डॉ मुहम्मद शाकिब, भुवनेश वार्ष्णेय , डॉ पारस गुप्ता, डॉ निदा मेहराज,डॉ डी के वर्मा (मीडिया प्रभारी),रजत सक्सेना एडवोकेट अनिल राज गुप्ता, अजय राणा, विवेक अग्रवाल, दिनेश प्रताप सिंह आदि सहयोगी बने।

**आवश्यकता है**
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र **जननायक सम्राट** के लिये जिला ब्यूरो चीफ, मण्डल ब्यूरो चीफ,ब्लॉक ब्यूरो एंव संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
**अमित कुमार वर्मा**
सम्पादक करें
मो:8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट**
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक,प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिटिंगप्रेस,अचलताल, अलीगढ़ से मुद्रित कराकर कार्यालय सरोज नगर ,गली नम्बर 5, अलीगढ से प्रकाशित
सम्पादक
**अमित कुमार वर्मा**
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा।